DR. K. LAXMAN: About 33 lakh people have been benefited in Telangana. Yes, 33 lakh farmers of Telangana also got benefitted. Even farmers in Kerala got benefitted. When we speak of DBT, किस तरह यह हमारी गरीब अवाम और गरीब किसान के खाते में पहुंच जाता है। जब पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी जी थे तो वे बताते थे कि जब उनकी सरकार में दिल्ली से 100 रुपये भेजे जाते थे, तो सिर्फ 15 रुपये गरीब के खाते में पहुंचते थे, बाकी 85 रुपये दलाली में खा लिए जाते थे। महोदय, आज दिल्ली से एक रुपया भी भेजा जाता है तो वह सीधे गरीब के खाते में पहुंच जाता है। This is the transparency of Modiji's Government. There are no leakages, no middlemen's role. मोदी जी के समय में यहां दलाली की बात नहीं रही है। Coming to Millets, 'Sri Anna', Modiji has convinced the U.N. to declare the year 2023 as the International Year of Millets. 'Sri Anna' grains are highly nutritious and available in the market. About 90 per cent of farmers in our country are small and marginal farmers. Significant consumption of 'Sri Anna' will financially help these small farmers.

Yesterday, in the Budget, thanks to Modiji for sanctioning IIMR Research Centres in Hyderabad for marketing, training and helping the farmers.

(Contd. by PB/1L)

PB-DN/1L/2.30

DR. K. LAXMAN (CONTD.): Under MNREGA, in order to provide employment to the rural unemployed youth, the Government has spent Rs. 2.70 lakh crore between 2014-2019 to provide employment to not less than 16 crore workforce for 211 crore person-days to benefit 5.38 crore rural households. ...(Interruptions)...

Sir, respecting the *karmacharies* and their services to the nation, our Government has decided to convert all the manholes into machine-holes. आज किसी भी आदमी को कर्मचारी के नाते मैनहोल में काम करने की जरूरत नहीं है, वह मशीन के माध्यम से होना है। आज मोदी जी के द्वारा इतना गौरव कर्मचारियों को दिया जा रहा है। आज पूरे देश के अंदर मैनुअल स्कैवेंजिंग को हटाने के लिए मोदी सरकार ने इस सोसायटी को सम्मान दिया है।

Then, Jan Dhan-Aadhaar-Mobile (JAM) trinity has been revolutionary in weeding out fake beneficiaries and put an end to corruption. About Rs. 27 lakh crore has reached to crores of beneficiaries with complete

transparency. लगभग 27 लाख करोड़ रुपये सीधे-सीधे डीबीटी के माध्यम से गरीबों के खाते में पहुंचाए गए।

The country is seeing now the benefits of 'Make in India' and 'Atmanirbhar Bharat', with an increase in manufacturing capacity. The Modiji Government has taken steps to increase the production of semiconductor chips and aircrafts in India. आज हम हेयरपिन से लेकर ऐरोप्लेन तक indigenously and 'Make in India' के तहत बना रहे हैं। This is the *Atamnirbhar Bharat*.

The import of mobile phones has decreased as India has become a major exporter of mobile phones. The import of toys has also been deceased by 70 per cent, and their export has increased now by 60 per cent.

The defence exports have also increased six times with the successful introduction of the first indigenous aircraft carrier 'INS Vikrant'.

Again, the Government's efforts in the sectors like khadi and village industries have seen success with the turnover of these industries surpassing rupees one lakh crore during the Azadi Ka Amrit Mahotsav. The sale of khadi has also increased four times as a result of Modi Government's efforts.

Sir, when it comes to national security, from surgical strikes to firm crackdowns on terrorism to a befitting response to every misadventure from LoC to LAC, from abrogation of Article 370, the Modi Government has been decisive in matters of national security. We never compromised on the security issues.

"जिसका भाषण सुनकर, सरहद का दुश्मन डर जाता है,
जो करने की कोई नहीं सोचा, उसे नरेन्द्र मोदी कर जाता है।"

Now, as far as foreign affairs are concerned, India is now showing the world the solutions to its problems, specially, through its Presidency of G-20 and the role it played in the Ukraine war and being the pharmacy of the world. ...(Interruptions)... Yes, he is a part of the Government.

As far as social justice is concerned, Sir, the Modiji Government also paid tribute to tribal revolutionaries at the national level in Mangarh Dham for the first time. Today, more than 36,000 tribal-dominated villages are being developed under *Pradhan Mantri Adi Adarsh Gram Yojana* and more than 400 Eklavya model schools have been opened in tribal areas in the country. This is the concern towards tribes in the country by Modiji Government.

Not only that, in the recent Budget, 38,800 new teachers will be recruited in existing 740 Eklavya model schools benefiting 3.5 lakh tribal students in the country.

जब सामाजिक न्याय के बारे में जिक्र करते हैं, बात करते हैं, तो 75 साल की आज़ादी में पहली बार मोदी सरकार ने यूनियन गवर्नमेंट में एससी/एसटी/ओबीसी/महिला और माइनॉरिटीज़ का 70 परसेंट किया, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ। आज पहली बार ओबीसी समाज के 27 लोगों को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भागीदारी देकर किस तरह उनका मान-सम्मान और गौरव बढ़ाया गया। Not only that, यह संवैधानिक दर्जा पिछड़े वर्ग को मोदी सरकार ने दिया।

(1M/PRB पर जारी)

PRB-SKC/1M/2.35

डा. के. लक्ष्मण (क्रमागत) : जब यूपीए सरकार दस साल यहां हुकूमत में थी, जितने भी क्षेत्रीय दल और जो अपने को पिछड़ा वर्ग समाज के ठेकेदार समझते थे, किसी ने उसका समर्थन नहीं किया। पिछड़ा वर्ग आयोग, जो दंतहीन आयोग था, उसको संवैधानिक दर्जा देने का मन किसी का नहीं बना था। सिर्फ मोदी जी द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण, जो मंडल कमीशन के माध्यम से दिया गया, उस पर आज ठीक ढंग से अमल करने के लिए, वह दर्जा दिया गया है। Not only that, the 105th Constitutional Amendment of 2021, giving power to States to identify socially and

educationally Backward Classes, was brought in. अपने प्रदेश के अंदर, राज्य के अंदर, जो भी पिछड़ा वर्ग समाज अगर राज्य की सूची के अंदर अपने लिए दर्जा प्राप्त करना चाहता है, तो मोदी जी की सरकार ने उस राज्य को पूरी स्वतंत्रता दी है। इतना ही नहीं, initiation of sub-categories of socially and economically backward communities, अभी ओबीसी के लिए जो आरक्षण मिल रहा है, उसके अंतर्गत देश के अंदर जितनी भी छोटी-छोटी जातियां हैं, जिनको आरक्षण का प्रावधान नहीं मिला, उनके लिए भी आज जस्टिस रोहिणी कमीशन के माध्यम से अलग प्रावधान करने का जिक्र किया गया है। Not only that, irrespective of caste, and not just socially but even economically weaker sections आज मोदी जी की सरकार के माध्यम से ई.डब्ल्यू.एस के नाम पर दस प्रतिशत रिज़र्वेशन दिया गया। Apart from that, ten crores of OBC beneficiaries have been covered and an amount of Rs. 14,000 crore spent towards the socio-economic development of OBCs. मोदी जी चाहते हैं कि देश को सिर्फ रोजगार मांगने वाले नौजवान नहीं चाहिए, बल्कि रोजगार देने वाली क्षमता चाहिए। Modiji doesn't want the youth of this country to become job-seekers. Rather, he wants them to become job-creators. इसीलिए वेन्चर कैपिटल फंड के नाम पर ओबीसी के लिए अलग एंटरप्रिन्योरशिप के लिए आज लगभग करोड़ों रुपये का वेन्चर कैपिटल फंड दिया जा रहा है, जिससे आज ओबीसी समाज से कई लोग उद्योगपति बन सकें।

इतना ही नहीं, आज 'पीएम (विकास)', जो 'विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना' है, यह बहुत बड़ी योजना है, जो कि पहली बार मोदी जी ने दी है। सुनार, लोहार, शिल्पकार, कुम्हार, सुधार, मूर्तिकार, कारीगर जैसे दशकों से परंपरागत, अपने हाथ से सृजन करने वाले हज़ारों की संख्या में जो लोग हैं, उनके लिए अलग ट्रेनिंग, टेक्नीक, क्रेडिट और मार्किट सपोर्ट देने के लिए यह 'पीएम विकास' योजना बनाई गई, ताकि इससे हज़ारों परिवार लाभान्वित हो सकें। इतना ही नहीं आज नीट के माध्यम से मेडिकल सीट्स के अंदर ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। 27 प्रतिशत केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक पाठशाला में पहली बार मोदी जी की सरकार के द्वारा ही आज चार लाख ओबीसी समाज के छात्र लाभान्वित हुए हैं। लगभग नौ हज़ार बैकलॉग पोस्ट्स थीं, पूरे देश के अंदर 45 सेंट्रल यूनिवर्सिटीज़, जहां दशकों से नौ या दस से ज्यादा ओबीसी समाज के कोई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर नहीं थे, जहां 'not found suitable' के नाम पर इस तरह बैकलॉग जमा किया गया, मगर I want to thank Modiji and the HRD Minister धर्मेंद्र प्रधान जी कि एक ही सर्कुलर के माध्यम से they said that they wanted all the backlog vacancies to be filled up within a year and sought a report on that every three months. By now, you would be surprised to know, not less than three to four thousand posts of Professors have been filled up in the Central Universities. This is the greatness and commitment of Modiji.

अभी यहां आम आदमी पार्टी के कई सदस्य पिछड़ा वर्ग के बारे में बात कर रहे थे। मैं दिल्ली में देख रहा हूं कि जो प्रवासी ओबीसी समाज के लोग, चाहे वे दक्षिण से आते हैं, उत्तर से आते हैं, मध्य प्रदेश से आते हैं, राजस्थान से आते हैं या बिहार से आते हैं, यहां आने के बाद और यहां बसने के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार उनको ओबीसी सर्टिफिकेट देने के लिए उनसे 1993 का निवास प्रमाण पत्र मांगती है। अगर ओडिशा से आकर यहां बस गए तो, उसका काम नहीं बनता है, मगर सर्टिफिकेट मांगने जाएं, तो उनसे 1993 का डोमिसाइल सर्टिफिकेट मांगते हैं। इसलिए भारतीय जनता पार्टी, दिल्ली के अंदर जो भी ओबीसी समाज, जो भी प्रवासी समाज है, उसको भी न्याय दिलाने के लिए जरूर प्रयास करेगी। इसीलिए हम बोलते हैं कि हमारे पास नेता है, नीति है और नीयत भी है, इसलिए हम हर वर्ग के लिए चिंता करते हैं। आज भारत में 'पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना' से कोई गरीब इस देश के अंदर भूखा पेट नहीं सोएगा। कोरोना काल में देखा कि अपना रोजगार खोने के बाद किस तरह लोग भूखे सोते थे, इसीलिए आज 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के नाम पर साढ़े तीन लाख करोड़ खर्च करके हर परिवार में निशुल्क राशन दिया जा रहा है। हर परिवार में हर व्यक्ति को पांच किलो चावल लगभग आने वाले दिसम्बर तक भी पहुंचाया जाएगा।

(1N/GS पर जारी)

GS-HK/1N/2.40

डा. के. लक्ष्मण (क्रमागत) : मैं राज्य सभा सदस्य के नाते उत्तर प्रदेश से आता हूं, वहां पर भी महीने में दो बार 15 करोड़ आबादी को निशुल्क राशन दिया जाता है, जिसमें एक किलो चावल, एक किलो गेहूँ, एक किलो तेल, एक किलो चीनी और एक किलो नमक दिया जाता है। इसमें कोई भेदभाव नहीं होता है, चाहे वह गरीब हिन्दू है या मुसलमान है, इस बात को हमारी सरकार नहीं देखती है। इसीलिए आज "प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना" के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के अंदर भी 15 करोड़ आबादी को निशुल्क राशन दिया जा रहा है।

सर, "जल जीवन मिशन योजना" के अंतर्गत 11 करोड़ फैमिलीज़ को आज पाइप्ड वॉटर दिया जा रहा है। गरीब के लिए इतना काम करने के बावजूद भी, हमारी समझ में नहीं आता है कि क्यों हमारा विपक्ष हर बार हमारी मोदी जी की सरकार को, बीजेपी की सरकार को लगातार गालियाँ देता रहता है? वे क्यों इतनी नफरत करते हैं, क्यों इतना गुस्सा होते हैं, क्यों इतने नाराज होते हैं? क्या मोदी जी ने गरीबों को घर दिया है, इसीलिए नाराज होते हैं! हर घर में आज महिलाओं के लिए शौचालय दिया जा रहा है, इसीलिए आप गुस्सा हैं! उनके घर में बिजली दी जा रही है, हर गरीब परिवार को बिजली दी जा रही है, इसीलिए आप नफरत करते हैं! उनके घर में आज गैस दी जा रही है, घर में गरीबों के लिए मुफ्त राशन भी दिया जा रहा है, गरीबों का बैंक में खाता खुलवाने के लिए काम दिया जा रहा है, 'मुद्रा योजना' के नाम पर लोन दिया जा रहा है, गरीब किसानों को आज सम्मान निधि दी जा रही है, इतना देने के बावजूद भी, गरीब के

कल्याण के लिए काम करने वाले मोदी जी को क्यों दिन-पर-दिन आप गालियाँ देते रहते हैं, क्यों नफरत करते हैं, क्यों गुस्सा करते हैं - इसे पूरा देश जानना चाहता है और हम भी जानना चाहते हैं, यह आप लोग आज बताइए। मोदी जी को गालियाँ देने से, भाजपा को गालियाँ देने से, देश का विकास रुकने वाला नहीं है और गरीब कल्याण योजना रुकने वाली नहीं है। मोदी जी को आपकी गालियों से दोगुनी ताकत मिलती है और वे ज्यादा काम करते हैं, क्योंकि वे अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए काम करते हैं, गरीबों के लिए काम करते हैं।

मोदी जी बताते हैं कि राजनीति मेरे लिए कोई लक्ष्य नहीं है, बल्कि यह तो एक अभियान है और इस अभियान को चलाने वाले हमारे मोदी जी हैं। महोदय, आज एक ओर अयोध्या धाम का निर्माण हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर आधुनिक संसद भवन का निर्माण भी हो रहा है। एक तरफ हमने केदारनाथ धाम, काशी-विश्वनाथ धाम और श्री महाकाल महालोक का निर्माण किया तो दूसरी ओर हर जिले में मेडिकल कॉलेज भी बनवाये जा रहे हैं। एक तरफ हमारी सरकार तीर्थों और ऐतिहासिक धरोहरों का विकास कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर भारत को दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस पावर भी बना रही है। भारत का पहला प्राइवेट सैटेलाइट भी लाँच किया गया है।

एक तरफ हम आदि शंकराचार्य, भगवान बसवेश्वर, तिरुवल्लुवर, गुरु नानक देव जैसे संतों के दिखाये रास्ते पर आगे बढ़ते रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आज भारत हाई टेक्नोलॉजी नॉलेज का हब भी बनाया जा रहा है। एक तरफ हम काशी तमिल संगमम् के जरिये "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को मजबूत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर

"वन नेशन, वन राशन कार्ड" जैसी आधुनिक व्यवस्था भी बना रहे हैं। गुलामी की मानसिकता वाले चिह्नों को बदलने का काम भी हमारी मोदी जी की सरकार ने किया और आज राजपथ को कर्तव्य पथ के रूप में बदलने का काम भी हमारे मोदी जी ने किया है।

Sir, we have seen Gujarat model. We have seen the popularity of Modi*ji* in Gujarat. The development can be gauged from the fact that for the seventh time, the BJP has retained power by winning 156 seats out of 182 seats. Under the leadership of Nadda*ji* and our beloved Prime Minister, we have attained 53 per cent of votes. In spite of all opposition parties coming together, they were not able to garner even 50 per cent votes. The people of Gujarat rejected the prevailing anti-incumbency theory in the election analysis and forced them to accept the pro-governance theory. The historic victory in Gujarat has recognised the BJP's model of sustainable development for which Prime Minister, Shri Narendra Modi, deserves congratulations. Out of 40 reserved seats, BJP won 34 seats. When we speak of ST seats, we have won 23 seats out of 27 ST seats; we have won 11 seats out of 13 SC seats and 64 seats out of 75 OBC-dominant seats. This is the victory of BJP; this is the model of Gujarat.

(Contd. by KSK/10)

LP-KSK/2.45/10

DR. K. LAXMAN (contd.): Therefore, today, Modi means peace, prosperity and development. Modi*ji* has worked towards creating a mass movement in the direction of national unity and integrity. About 25 to 30 crore National Flags were hoisted nationwide under *'Har Ghar Tiranga Abhiyan'*, through which wonderful communication of national spirit was done across the country. रिसेंटली हमारे अपोज़िशन लीडर्स ने लाल चौक पर तिरंगा झंडा लहराया। यह सिर्फ मोदी जी की देन है कि आज लाल चौक के अंदर इतना शांतिपूर्वक तिरंगा झंडा फहराया। यह मोदी जी द्वारा धारा 370 हटाने से संभव हुआ। क्या इतने दशकों में कभी तिरंगा झंडा फहराया गया? हमें मालूम है, हमें इसकी जानकारी है। हम मनोहर जोशी जी के नेतृत्व में झंडा फहराने गए थे, तो किस तरह से पत्थरबाज़ी की गई थी, किस तरह से हमारे ऊपर लाठीचार्ज किया गया था, उस दिन किस तरह से हमारे ऊपर आंसू गैस छोड़ी गई थी। मैं आपको बताता हूं कि लाल चौक पर तिरंगा झंडा फहराना कितना मुश्किल था, लेकिन आज हमारे अपोज़िशन के नेता ने भी इतने शांतिपूर्वक वातावरण में जो तिरंगा झंडा फहराया है, वह मोदी जी और मोदी जी की सरकार की वजह से हुआ है।

Finally, while thanking the Government, on behalf of 74,000 students of Telangana for extending free education up to 12th class, I request the hon. HRD Minister to increase the number of Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas

in Telangana. As the Revenue Districts in Telangana have been increased, I request the Minister to consider increasing the number of Navodaya Pathshalas in Telangana also, as they provide quality education to the rural poor of the country, and the rural poor of Telangana should also get the benefit. So, I once again request the hon. Minister to increase the number of Navodaya Pathshalas.

सर, इतना ही नहीं, देश के अंदर जितनी भी मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज हैं, हर प्रदेश के अंदर जो छोटी-छोटी जातियाँ हैं, उन्हें अपने राज्य में बी.सी. का दर्जा प्राप्त है, मगर वे सेंट्रल ओबीसी लिस्ट में शामिल नहीं हैं। मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि आने वाले दिनों में जितनी भी जातियाँ हैं, उन सभी छोटी-छोटी जातियों को सेंट्रल ओबीसी लिस्ट में दर्जा देने के लिए सरकार के माध्यम से कुछ प्रयास करना चाहिए। हम इसके लिए भी कटिबद्ध हैं।

सभापति जी, इतना ही नहीं, हमारे ओबीसी समाज के अंदर जो 27 परसेंट आरक्षण दिया जा रहा है, हम उसके अंदर छोटी-छोटी जातियों के प्रावधान के लिए एक कैटेगराइज़ेशन की मांग करते हैं।

सभापति जी, अभी रेलवे की बात भी आई है। मैं मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से कहना चाहता हूं कि काशी तमिल संगमम् संपन्न होने के बाद इतनी डिमांड हो गई है कि हैदराबाद टू गोरखपुर एक्सप्रेस में बहुत भीड़ हो गई है। तेलंगाना के अंदर हैदराबाद से बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वालों की संख्या बढ़ गई है, इसलिए मैं मांग

करता हूं कि हैदराबाद से गोरखपुर एक्सप्रेस और हैदराबाद से वाराणसी एक्सप्रेस को भी बढ़ावा देना आवश्यक है, ताकि वे वहाँ पर आसानी से जा सकें।

सभापति जी, अंत में डीएनटी - जो एक गोमंथ समाज है, इस गोमंथ समाज के लिए भी मोदी जी सरकार द्वारा एक इदाते कमेटी का गठन करके जिस तरह से स्पीड जैसे फाइनेंशियल असिस्टेंस प्रोग्राम दिए जा रहे हैं - वह प्रशंसनीय हैं। इस देश के अंदर गोमंथ समाज की 11 करोड़ की आबादी है। मोदी जी के आने के बाद उनके नेतृत्व में एक वेलफेयर बोर्ड बनाया गया और हज़ारों करोड़ रुपये की राशि भी दी गई। महोदय, आज भी कई करोड़ लोग वोटर नहीं बन सके हैं, इसलिए मैं उनके लिए अलग से एक प्रावधान देने की मांग करता हूं, इसका जिक्र करता हूं।

Finally, Sir, as far as the G-20 is concerned, it is a unique platform of world's 20 major economies, representing around 85 per cent of the global GDP, 75 per cent of global trade and 60 per cent of the global population. Even major international organisations, like the UN, IMF, WHO, इन सभी को उसमें भागीदार बनाने के लिए, जी-20 समिट का अध्यक्ष होने के नाते मोदी जी ने उन्हें इसमें भाग लेने का निमंत्रण दिया है। देश भर के अंदर 43 डेलिगेशन्स के साथ 200 मीटिंग्स होने वाली हैं। ये हर प्रदेश की राजधानी में, शहर में होने वाली हैं। इसीलिए आज India has taken up the concept of *"Vasudhaiva Kutumbakam"* or "One Earth, One Family, One Future". That is why, India has a vital role to play in sustaining this programme and in facing the global challenges like economic

growth, sustainable development, climate change, terrorism and pandemics which can be effectively addressed only through co-operation.

इसलिए, मैं सभी से, विपक्ष में हमारे बीच बैठे माननीय सदस्यों से मांग करता हूं कि आने वाला जी-20 समिट, जो देश के लिए नेम और फेम बनाने वाला है, उसमें सहयोग करें।

मैं अंत में एक कविता के माध्यम से अपनी बात पूरी करता हूं। I will say in Telugu, *"Swami Vivekananda once said, if I find four youth with nerves of steel, muscles of iron, and minds like thunderbolt, I will change the dynamics of this country. A Narendra, Swami Vivekananda, nearly 200 years ago visited America as a delegate to the World's Parliament of Religions to spread the greatness of our country and Hinduism. Again, after 200 years one more Narendra i.e. Shri Narendra Modi was sent by God as his messenger to spread the greatness of our country and make India, a Vishwa Guru. Hence, I request everyone to support him."

(Followed by 1P - GSP)

*** English translation of Telugu portion.**

MKG-GSP/2.50/1P

श्री जी.वी.एल. नरसिंहा राव : लक्ष्मण जी, इसे हिन्दी में भी बोलिये।

डा. के. लक्ष्मण : हिन्दी में मैं अलग कविता सुनाता हूं।

"जो गरीबों के नायक बनकर आये हैं,
भारत मां के दुख के गायक बनकर आये हैं।
पक्ष-विपक्ष सभी को मानते जो अपना हैं,
भारत विश्व-गुरु हो, यही बस सपना है।
इसलिए विपक्षियो, विरोध वगैरह सब छोड़कर,
अपनी शक्ति को भी हमसे जोड़कर,
आओ फिर से हम नई शुरुआत करें,
मोदी जी संग मिलकर देश की बात करें।"

जय हिन्द, जय तेलंगाना, जय यू.पी.! धन्यवाद।

(समाप्त)

MR. CHAIRMAN: Dr. K. Laxman has been quite poetic also and it was so soothing to note that other doctors in the House were responding. Shri Prakash Javadekar to second the Motion.

श्री प्रकाश जावडेकर (महाराष्ट्र) : महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन चर्चा कर रहा है। उसमें मेरे साथी डा. लक्ष्मण जी ने जो धन्यवाद प्रस्ताव रखा है, उसका मैं समर्थन करता हूं।

उन्होंने वर्णन किया कि पहली दफा आदिवासी समाज की एक महिला नेत्री राष्ट्रपति बनी हैं। अपने समाज का एक इतना बड़ा हिस्सा 75 साल से राह देख रहा था कि वह दिन कब आयेगा। वह दिन आया और 2022 में आया। अम्बेडकर जी ने समान वोट का अधिकार दिया, सत्ताधारी कौन रहेगा, यह चुनने का अधिकार लोगों को मिला। लेकिन सत्ता में भी भागीदारी होनी होती है और आदिवासी समाज को, एक सम्मान के स्थान की उनकी जो अपेक्षा थी, वह अब जाकर मिली है। मुझे केवल थोड़ा सा याद आता है, आज मैं उस दिशा में नहीं जाना चाहता, लेकिन उस समय भी कुछ अभद्र टिप्पणियां हुईं, यह देश नहीं भूलेगा।

उनका संयुक्त अधिवेशन में जो भाषण हुआ, वह जोशपूर्ण था, सारगर्भित था, मुद्दों से लैस था, उसमें देश की तरक्की की चर्चा थी, गरीब के उत्थान का मंत्र था। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, इसका अर्थ स्पष्ट करने वाला यह भाषण था। महोदय, मैं उनके धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

पिछले सात साल में देश ने क्या-क्या पाया, उस पर सबको अभिमान होना चाहिए। हमारे मई में नौ साल पूरे होंगे, उस समय हम दसवें नम्बर की अर्थव्यवस्था थे, tenth in the world economy; now we are fifth. सात साल में पांच कदम आगे जाकर हम आये हैं और उसमें मुझे तो एक निश्चित आनन्द होता है कि जिन्होंने हम पर 200 साल राज किया, उस ब्रिटेन को पछाड़कर हम पांचवें स्थान पर आये हैं। यह भी एक महत्वपूर्ण बात है। 2014 में हमें फ्रेजाइल फाइव कहते थे, जबकि आज

हम टॉप फाइव हो गये हैं। आज दुनिया में इन्फ्लेशन 10 परसेंट से 40-50 परसेंट तक भी है, लेकिन भारत में 6 परसेंट से कम है। अपना देश फास्टेस्ट ग्रोइंग नेशन है, लेकिन उस पर मैं बाद में बात करूंगा।

(**श्री उपसभापति** *पीठासीन हुए*)

दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कोविड को जिस तरह से भारत ने डील किया, सभी देश उसकी सराहना करते हैं।

(एकेजी/1क्यू पर जारी)

AKG-SK/1Q/2.55

श्री प्रकाश जावडेकर (**क्रमागत**) : जो देश मार्जिन पर था, आज वह अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व कर रहा है। यह कैसे हुआ, इसका विवेचन इस भाषण में है। उन्होंने शुरू में ही कहा कि यह स्थिर, निडर, निर्णायक और बड़े सपनों के लिए काम करने वाली सरकार है। मैं उसी सूत्र को पकड़ कर कुछ चीजें आपके सामने रखना चाहता हूँ।

स्थिर सरकार 30 साल के बाद आई। 1984 में पूर्ण बहुमत वाली सरकार थी, उस समय एक पार्टी का बहुमत था। 2014 में फिर से एक पार्टी का बहुमत आया, हमारी पार्टी की 282 सीटें आईं, एनडीए की और सीटें आईं। मतलब जब स्थिरता आती है, तब देश तरक्की करता है; जब स्थिरता आती है, तब आम जन को फायदे मिलते हैं। स्थिर सरकार के बहुत फायदे होते हैं। यह स्थिरता आई और यह किसने लाई? यह भारत की जनता लाई। भारत में 2019 में 80 करोड़ वोटर्स थे, अब 2024

में 90 करोड़ वोटर्स हो जाएँगे। इतना बड़ा लोकतंत्र दुनिया में कहीं नहीं है। एक तरह से इसे जो 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' कहते हैं, वह भी इतनी सही है कि बसवन्ना ने कर्णाटक में जो 'अनुभव मंडप' चलाया था, वह लोकतंत्र का एक पहला बहुत अच्छा सफल प्रयोग था। हमारे देश में 70 परसेंट वोटिंग होती है। अनेक देशों में आप देखिए, तो जो तरक्की किए हुए देश हैं, विकसित देश हैं, वहाँ 30-40-45 परसेंट वोटिंग होती है। हमारे यहाँ 70 फीसदी वोटिंग होती है। सामान्य मतदाता अपने विवेक से और रोबस्ट कॉमन सेंस से सरकार का चयन करता है। हमारे भारत में वह अपने परसेप्शन से सरकार चुनता है कि किसको चुनना है। Eminent jurist Nani Palkhivala used to say that in our country illiterate intelligence is more effective than educated incapacity. उस समय उनका यह अभिप्राय था और आज हम वह देख रहे हैं। सामान्य जनता यह तय करती है। जिसने समाचार पत्र नहीं पढ़ा, वह भी वोट देता है; जिसने टीवी की पोलिटिकल डिबेट्स नहीं देखीं, वह भी वोट देता है और जो कभी कोई राजनीतिक भाषण सुनने नहीं गया, जिसने कोई सभा अटेंड नहीं की, वह भी वोट देता है और अपने विवेक से वोट देता है। I salute the robust common sense of the people of India. इस रोबस्ट कॉमन सेंस ने अनेक बार राज्य और केन्द्र में सत्ता बदली, यह भी हमने देखा और अगर अच्छा काम करेंगे, तो यही सामान्य जनता बार-बार आपको अवसर देती है, यह भी हमने देखा है और हम देखेंगे भी, क्योंकि "बार-बार मोदी सरकार"। We should be proud of

our vibrant democracy. 30 साल देश ने अस्थिरता का अनुभव किया, मैंने उसका वर्णन किया, उसका बहुत नुकसान हुआ। मोदी जी को राज्य के प्रमुख और देश की सरकार के प्रमुख के तौर पर लगातार 21 साल हो गए। उन्होंने 2001 में 7 दिसंबर को शपथ ली थी, इसके 21 साल पूरे हो गए। 21 साल में हर बार उनको ज्यादा जन-समर्थन मिला है और वे लगातार सत्ता में बने रहे, यह एक तरह से लोकतांत्रिक देश में विरल है। उनको गरीबों का आशीर्वाद मिला। कभी तो सोचिए कि क्यों गरीब उनको अपना मानते हैं, गरीब उनको वोट क्यों देते हैं, क्योंकि वे केवल देश के लिए काम करते हैं, उनका परिवार नहीं है, स्वार्थ नहीं है, भ्रष्टाचार नहीं है और वे दिवाली भी सैनिकों के साथ मनाते हैं। उन्होंने 21 साल में एक दिन भी छुट्टी नहीं ली, वे एक दिन भी बीमार नहीं पड़े, ऐसा तो किसी ने कभी नहीं देखा है! वे लगातार देश के लिए काम करते रहे हैं। इसलिए उनके लिए हमारी पार्टी में एक नारा है - 'Nation first, party next, self last.'

(1आर/एससीएच पर जारी)

SCH-YSR/1R/3.00

श्री प्रकाश जावडेकर (**क्रमागत**) : लेकिन जब मैं मोदी जी को देखता हूं तो मुझे लगता है, नेशन फर्स्ट, नेशन फर्स्ट, नेशन फर्स्ट - यही उनका तरीका है। उनकी मेहनत की राजनीति है, प्रतिभा की राजनीति है, दूरदृष्टि की राजनीति है।

मोदी सरकार का दूसरा मंत्र है - 'अंत्योदय', यानी गरीब, पीड़ित और वंचित का विकास। उपकार नहीं, दया नहीं, कल्याण नहीं बल्कि एम्पॉवरमेंट, सशक्तिकरण। अपने पैरों पर खड़े हो कर आगे बढ़ने के अवसर का नाम ही है एम्पॉवरमेंट। अभी लक्ष्मण जी ने वर्णन किया कि गरीब के घर में कितनी सुविधाएं आई हैं, एक तरीके से पूरा सैचुरेशन है। उनके जीने के लिए जो बेसिक साधन हैं, उनका एक दूसरा ही रूप मैं बताऊँगा। 12 करोड़ टॉयलेट्स बने। हम और आप सब भी जब टूअर को निकलते थे, प्रवास में जाते थे, तो पानी का लोटा लेकर जाते हुए लोगों को हम हमेशा देखते थे, लेकिन अब वैसा नहीं दिखता है। इतना ही नहीं, यहां जो डॉक्टर बैठे हैं, उनसे भी आप पूछिए, रेलवे स्टेशन पर जो गंदगी होती थी...(**व्यवधान**)... मैं वही बता रहा हूं, शहर में जो गंदगी होती थी, उसके कारण हर साल डायरिया से कितनी ही मौतें होती थीं, चूंकि पेट में इन्फेक्शन हो जाता था। लेकिन स्वच्छता बढ़ने के बाद, टॉयलेट बनने के बाद अब डायरिया लगभग खत्म होने के कगार पर है। डायरिया से अब लोगों की डेथ नहीं होती है। आप अपने डॉक्टर मित्रों से पूछिए। यहां मेरे साथ भी एक डॉक्टर बैठे हैं, डा.

भागवत किशनराव कराड एक मेडिकल डॉक्टर हैं। He is a good surgeon. मेरे पीछे भी एक डॉक्टर बैठे हैं।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Javadekar ji, please address the Chair.

श्री प्रकाश जावडेकर : सभी पेशेंट्स का इलाज करने के लिए यहां बहुत सारे डॉक्टर्स हैं, लेकिन आज मैं अपने कुछ विचार यहां रखना चाहता हूं।

श्री उपसभापति : जावेडकर जी, आप चेयर को एड्रेस करके बोलिए।

श्री प्रकाश जावडेकर : गैस, बिजली, नल का पानी, सभी को ये सब पहुंचाना इतनी आसान चीज़ भी नहीं है। हम सबने देखा है कि महिलाएं कितनी-कितनी दूर से पानी भर कर लाती थीं। अब हर घर में पानी आएगा। चौथी क्लास तक मेरे घर में भी बिजली नहीं थी। जब बिजली आई तो कितना आनन्द आया, नहीं तो हम लोग लालटेन की रोशनी में ही पढ़ाई करते थे, उसी से घर का गुजारा होता था, लेकिन अब समय बदल गया है। 'आयुष्मान योजना' से चार करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज मिला है।

मैं एक नई चीज़ और बताता हूं, आज तक रूरल एरिया में कोई भी बीमा नहीं खरीदता था। Nobody was purchasing insurance policies. अब 24 करोड़ लोगों ने प्रधान मंत्री जीवन-ज्योति बीमा योजना और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, दोनों लिए हैं।...(व्यवधान)...

Sir, I was serving in the Bank of Maharashtra. बैंकों के राष्ट्रीयकरण के तुरंत बाद हम वहां लगे थे, उस समय ऐसा बहुत कहा गया कि गरीबों के लिए बैंकों के दरवाज़े खुले हैं, लेकिन फाइनली हुआ क्या? 2014 में जब गिनती हुई, तो 47 करोड़

लोग ऐसे थे, जिनका बैंक में अकाउंट नहीं था। 47 महीनों में 47 करोड़ जनधन खाते खुले, देश में यह एक बड़ी क्रांति हुई, हम इसे भुला नहीं सकते, जैम ट्रिनिटी - जनधन अकाउंट, आधार और मोबाइल। सर, आज हरेक के पास आधार है, 130 करोड़ आधार हैं। नंदन नीलेकणि ने एक लेख लिखा है, आपको मालूम है कि नंदन नीलेकणि एक प्रसिद्ध व्यवसायी हैं, विशेषज्ञ हैं। पहले वे बेंगलुरु में कांग्रेस के उम्मीदवार भी थे, लेकिन आनन्द कुमार से हार गए थे, वे ही आधार के प्रमुख थे। मोदी जी ने उनको मिलने के लिए बुलाया था। उन्होंने अपनी किताब - 'मोदी @ 20' में लिखा है कि मुझे लगा, मैंने इसमें भूमिका ली है, इसलिए अब मेरी यह जॉब नहीं रहेगी, यह काम अब किसी दूसरे को दे दिया जाएगा। लेकिन मोदी जी ने पूरे तीन घंटे तक उनका प्रेज़ेंटेशन देखा। उन्होंने यह भी लिखा है कि मोदी जी जब गुजरात के मुख्य मंत्री थे, तब भी मैंने देखा था कि उनको इसकी विशेष समझ थी।

(1S-BKS-VKK पर जारी)

BKS-VKK/1S/3.05

श्री प्रकाश जावडेकर (**क्रमागत**) : उन्होंने कहा कि बाकी सब भूल जाओ, आप ही यह काम पूरा करोगे, तब तक केवल 30 करोड़ आधार काड्र्स बांटे गये थे, उन्होंने कहा कि 130 करोड़ आधार काड्र्स बांटने तक आप ही काम करोगे, यह मेरा आशीर्वाद है। This is the difference of leadership.

महोदय, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, जिसका उल्लेख स्व. श्री राजीव गांधी जी ने किया था, उन्होंने कहा था कि सौ रुपये में से 15 रुपये ही मिलते थे, इसलिए वह अपनी नाराजगी प्रकट करते थे, लेकिन अब सौ के सौ रुपये जाते हैं और अब तक कितने रुपये गये है, तीन साल में 26 लाख करोड़ रुपये गरीबों के खातों में गये हैं, ऐसा दुनिया में कहीं भी, किसी भी देश में नहीं हुआ है। 26 लाख करोड़ रुपये - not a small amount और उसमें एक विशेषता यह भी है कि अनेक लाभार्थियों के नाम झूठे थे, bogus identity cards बनाना, लाभार्थियों में अपनी बोगस एंट्रीज़ करना, यह सब पहले होता था, लेकिन अब ऐसे लाखों झूठे लाभार्थी आधार, जनधन और मोबाइल की कनेक्टिविटी के कारण बाहर हो गये हैं और जो इस तरह के लीकेजेज़ थे, वे खत्म हो गये।

महोदय, गरीब आदमी को कौशल चाहिए, नौकरी चाहिए, उन्होंने उसका उल्लेख करते हुए कहा कि 'स्वनिधि योजना' दी, 'मुद्रा योजना' के बारे में मैं बताऊंगा। उन्हें अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए जो नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी आई है, वह समझने के लायक है, अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन - तीसरी की उम्र से लेकर आठवीं की उम्र तक उसकी कॉग्निटिव स्किल्स, क्रिटिकल थिंकिंग और भाषा का पूरा विकास हो, यह उस पॉलिसी में है, उसमें परीक्षा नहीं है, इम्तिहान नहीं है, पुस्तकें नहीं हैं, किताबें नहीं हैं। Early childhood education will change Indian education for better in coming years. उसमें जो हायर एजुकेशन है at the higher education end एक काम हुआ है कि उसमें फ्लेक्सिबिलिटी दी गई है, उसमें एक साथ दो डिग्री करने की

अनुमति मिल गई है और इसके बारे में आदेश भी निकल गया है। उसके बाद उन्होंने फ्लेक्सिबिलिटी में क्या किया कि जो आपके मार्क्स हैं, आपने एक साल काम किया, अगले एक साल आपको घर में मदद करने की जरूरत है, तो आप छुट्टी ले सकते हैं, तीसरे वर्ष में जिन्हें आना है, वे आ सकते हैं।

इसके अलावा यदि कोई इंजीनियरिंग का स्टूडेंट है और उसे म्यूज़िक का पैशन है, तो उसे ऐसे 25 परसेंट ऑप्शन के सब्जेक्ट्स लेने की च्वाइस भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मिली है। इस तरह से ऐसे बहुत से काम हैं। कुछ बड़े फैसले लिए गए, जिनका डा. लक्ष्मण जी ने उल्लेख किया जैसे धारा 370 खत्म की गई, इसीलिए लाल चौक में झंडा फहरा सके। कम से कम इसका मान करना चाहिए। पहले कुछ दिन तो विवाद था कि झंडा फहरायेंगे कि नहीं फहरायेंगे, लेकिन मुझे याद है, जब डा. मुरली मनोहर जोशी जी गये थे, तब की सरकार ने आग्रह किया था कि आप वहां मत जाइये, atmosphere will get vitiated. लेकिन कैसे विशिएट होगा, भारत में भारत का झंडा नहीं फहराओगे, तो कहां फहराओगे?

कांग्रेस में हमारे एक मित्र माननीय सदस्य, श्री नवीन जिंदल थे। उन्होंने कोर्ट में एक याचिका की, वह हमेशा हम सबको राष्ट्रीय ध्वज बांटते थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज लगाने की परमिशन मिलनी चाहिए। 75 साल हुए, लेकिन परमिशन नहीं मिली थी। इसमें केवल एक नियम बदलना था, नियम यह था कि केवल सरकारी दफ्तरों में 15 अगस्त या 26 जनवरी को झंडा फहराया जाएगा और यदि परमानेंट

लगाना है, तो केवल सरकारी ऑफिस में लगाना है और वह भी सूर्योदय के बाद लगाना है और सूर्यास्त के पहले उतारना है, यह सब बंधन था। मोदी जी ने एक नियम बदल दिया, आज लाखों दुकानों पर हम झंडे देख रहे हैं, लाखों वाहनों पर झंडे देख रहे हैं, लाखों घरों पर राष्ट्रीय ध्वज देख रहे हैं। यह देश को तैयार करने का एक तरीका होता है, इससे देश प्रेम की भावना जागती है।

(1T/PSV पर जारी)

PSV-BHS/1T/3.10

श्री प्रकाश जावडेकर (**क्रमागत**) : पाकिस्तान में घुस कर जो बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक की गयी, उस पर तो सबूत नहीं माँगिए, उस पर विश्वास करिए। बाद में यह स्टेटमेंट देना पड़ा।

सर, एक बड़ी चीज़ यह है कि फेडरलिज्म की स्पिरिट है - राज्यों के साथ न्याय। G.S.T. is the only Act which has been prepared, drafted, rates decided and rules are made by all the Finance Ministers of all the States and Central Government together. सभी राज्यों ने मिलकर कानून बनाया, सभी राज्यों ने मिल कर इसका ड्राफ्ट तैयार किया, नियम तैयार किये और रेट्स भी तय किये। ऐसा जीएसटी में हुआ। भारत ने पहली दफा इस तरह की एक नये फेडरलिज्म की स्पिरिट देखी है। आईबीसी कानून हुआ, बहुत से बड़े-बड़े फैसले हुए - सभी राज्यों के साथ न्याय। मोदी जी की सरकार में एक महत्वपूर्ण बात है - किसी के साथ अन्याय नहीं और किसी के साथ भेदभाव नहीं। समझिए कि अगर घर देना है, गैस देनी है, कोई भी

बेनिफिट देना है, मुद्रा का लोन देना है या कोई इकोनॉमिक बेनिफिट देना है, तो न कोई हिन्दू-मुसलमान देखा जाता है, न रिलीजन, न सेक्स, न स्टेट और न ही ऐसा कुछ देखा जाता है।

मैं बहुत बार केरल में जाता हूँ। केरल में मैंने कुछ चीजें देखी हैं। लेकिन, ब्रिटास जी, मैं यह केरल का पूरा नहीं बता रहा हूँ। बहुत से सच तो बाद में बतायेंगे, वहीं बतायेंगे, यहाँ क्यों बतायेंगे, केरल की लड़ाई केरल में करेंगे, लेकिन मैं दो चीजें बताऊँगा। केरल को under Central assistance, devolution of funds and Central schemes के लिए 2009 से 2014 तक, 5 सालों में 70,000 करोड़ रुपये मिले और 2017 से 2022 तक, 5 सालों में 2,30,000 करोड़ रुपये मिले। मैं यह क्यों बता रहा हूँ? केरल में हमारा एक भी एमएलए नहीं है, केरल से हमारा एक भी एमपी नहीं है, लेकिन किसी राज्य के साथ इस कारण भेदभाव नहीं हो, सबको न्याय दें, सबको जो देना है, वह दें।

सर, पी.टी. उषा जी हमारी सदस्या हैं। उन्होंने देश का नाम रौशन किया है। वे हमारी पहली रनर हैं और हमारी पहली गोल्ड मेडलिस्ट हैं, लेकिन उनकी जो एकेडमी है, जो कि सालों से देश में नयी महिला खिलाड़ी तैयार करती रही है, उस पर भी वहाँ कब्जा कर लिया गया। ...(**व्यवधान**)... उस पर कब्जा करके, वहाँ जो होस्टल है, उसमें लड़कियाँ रहती हैं, उसको भी हथियाने की कोशिश होती है। मुझे विश्वास है कि केरल की सरकार भी इस पर ध्यान देगी। मैंने कल जॉन ब्रिटास जी को भी बोला है कि इसे ठीक करने की जरूरत है, इसे तुरंत किया जाए।

सर, तीसरा मंत्र है - सुशासन। मैं कुछ नयी चीजें केवल आपकी जानकारी में दे रहा हूँ। आपको बहुत सारी बातें मालूम होंगी, लेकिन कुछ नयी इन्फॉर्मेशन होगी। मोदी जी ने "प्रगति" नामक एक कार्यक्रम चलाया। "प्रगति" क्या है? देश में इरिगेशन के, रेलवे के, एयरपोर्ट के, सड़कों के और बाकी मूलतः इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के अनेक प्रोजेक्ट्स का 50 परसेंट काम हो गया, 60 परसेंट काम हो गया या 70 परसेंट काम हो गया, उन पर खर्चा हो गया, लेकिन वहाँ कोई छोटी सी दिक्कत है, इसलिए वह पूरा नहीं हुआ, उसका बेनिफिट नहीं मिला। सर, आप झारखंड और बिहार दोनों को जानते हैं। मैं कुटकु डैम पर गया था। कुटकु डैम का सब कुछ तैयार था, लेकिन उसमें दरवाजे नहीं लगाये गये थे, इसलिए वह रुका हुआ था। उन्होंने ऐसे प्रोजेक्ट्स का मंथली रिव्यू लेना शुरू किया। आज तक 30 मीटिंग्स कीं और उसमें 450 केसेज़ लिए। उसमें सारे संबंधित राज्यों के अधिकारी और केन्द्र के अधिकारी रहते हैं, मोदी जी उसमें खुद बैठते हैं और सबके साथ चर्चा करके कि इसका रास्ता कैसे निकलेगा और प्रोजेक्ट कैसे पूरा होगा, मुझे आनन्द है कि आज तक 300 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स, 15 लाख करोड़ के इन्वेस्टमेंट, जो डेड पड़े थे, वे आज पूरे हो गये हैं। यह काम करके दिखाया गया। यह गुड गवर्नेंस है। यह पार्टी नहीं है, यह वोट बैंक नहीं है, यह कुछ भी नहीं है, यह देश के लिए काम करने का एक हुनर है।

एलईडी बल्ब्स की भी बात है। आज हम देखते हैं कि सब जगह एलईडी बल्ब्स हैं। 2014 में 9 वॉट के एलईडी बल्ब की कीमत 300 रुपये थी।

(1यू/वीएनके पर जारी)

VNK-RL/3.15/1U

श्री प्रकाश जावडेकर (**क्रमागत**) **:** इसलिए लोग इसको नहीं ले रहे थे। उसके लिए उससे ज्यादा अच्छी पचास रुपए की ट्यूब थी। मोदी जी की सरकार में उस समय वहाँ पर पीयूष गोयल जी थे, उन्होंने देशी-विदेशी, सारे उत्पादकों को बुलाया। उन्होंने कहा कि हम दो सौ करोड़ एलईडी बल्ब्स लेंगे, अब आप बताइए कि आप यह कस्मटर को कितना सस्ता दीजिएगा? मुझसे अनेक उद्योजक मिले, उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा सवाल पहली बार सुना है। पहले तो यह पूछा जाता था कि हम दो सौ करोड़ का ऑर्डर देंगे, तो उसमें हमारा क्या होगा? पहले तो इस तरह से पूछने का रिवाज़ था। इसकी जगह पर हमने यह पूछा कि आप जनता को कितना कम में देंगे। मुझे खुशी है कि the best ever, this kind of negotiation brought prices down from Rs. 300 to Rs. 70. आज एलईडी बल्ब सत्तर रुपए में मिलने लगा। इस तरह से आज इतना बड़ा परिवर्तन हुआ। आज सभी बिल्डिंग्स और घरों में एलईडी बल्ब लगा हुआ है। यह पर्यावरणपूरक है तथा इसमें बिजली की खपत कम होती है। इससे बिजली बिल में भी बचत होती है। इससे पर्यावरण को फायदा होता है, क्योंकि इसमें कार्बन एमिशन कम होता है। हमने इसको करके दिखाया।

सर, अब मैं डिजिटल ट्रांज़ेक्शन के बारे में बताता हूँ। आपके कोई भी विदेशी मित्र आएँगे, तो वे भारत में आने पर सबसे पहले यह कहेंगे कि अभी एटीएम पर कोई नहीं जा रहा है, वह फोन से ही बिल का भुगतान कर रहा है। यह क्रांति है। 'कोविन' की बात

बताता हूँ। आप बाहर से आने वाले किसी भी मित्र से कोविड का सर्टिफिकेट दिखाने के लिए कहिए, तो आप देखेंगे कि उसका सर्टिफिकेट हाथ से लिखा हुआ है, जो कि उनको 15 दिनों के बाद मिला है। चाहे अमेरिका हो, इंग्लैंड हो, चीन हो, जापान हो या कोई भी देश हो, उसके यहाँ हाथ से लिखा हुआ सर्टिफिकेट दिया जाता है, वह भी उसे 15 दिनों के बाद मिलता है, जबकि हमारे यहाँ कोविड का सर्टिफिकेट पाँच मिनट के अंदर आता है और अगर उसको डिजिलॉकर में डाला, तो फिर किसी को कुछ चिंता करने की जरूरत नहीं है। हमने यह तरक्की करके दिखाई। We are doing now the largest digital transaction in the world.

सर, हमारे यहाँ महाराष्ट्र में एक दिन 'बैल पोला' त्योहार होता है, जिस दिन बैलों की पूजा की जाती है। अब शहरों में तो बैल होते नहीं हैं, इसलिए शहर में कोई न कोई बैल लेकर आता है। उस दिन बैल को घास देनी होती है, पैसा देना होता है। मैं भी नीचे गया, तो मैंने देखा कि बैल के सींगों में क्यूआर कोड लगाया हुआ था। अब देश यहाँ तक आ गया है। बैल को जो भी देना है, वह उस क्यूआर कोड के माध्यम से दे दीजिए। यह भारत की तरक्की है, डिजिटल प्रोग्रेस है।

आज गवर्नमेंट ने 'गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस' तैयार किया। इसके माध्यम से चार लाख करोड़ से ज्यादा सरकारी कार्यालयों में जो कागज, पेंसिल, पेन, टाइपराइटर, कंप्यूटर आदि लेना होता है, अब इन सबका ऑक्शन होता है और 15 दिनों में वह आ जाता है। पहले की सारी दिक्कतों वाला प्रोसेस खत्म हुआ है।

हमने कोविड में अद्भुत काम किया, इसको दुनिया ने माना। मुझे याद है कि जब जनवरी, 2020 में चीन में पहले पेशेंट की मौत हुई, तो कैबिनेट में मोदी जी ने कहा कि यह संकट गहरा है, यह हमें भी आएगा और उसी दिन से उनकी दृष्टि में पक्का था कि वैक्सीन तैयार करना एकमात्र उपाय है। एक ही देश ऐसा है, जिसने वैक्सीन को प्रमोट करने के लिए, शोध करने के लिए तीन-तीन हजार करोड़ रुपए दिए। आज भारत एकमात्र देश है, जिसके पास आज चार वैक्सीन्स तैयार हैं और ये चारों वैक्सीन्स काम कर रही हैं।

सर, वह समय याद कीजिए, जब हमारी वैक्सीन तैयार हो रही थी, तब फाइज़र की वैक्सीन आयी थी, तो उस समय कितने ही नेता यह कह रहे थे कि फाइज़र की वैक्सीन लो। आज देखिए, Pfizer is less effective and with more side-effects. जब हमारी कोवैक्सीन आयी, तो अपने यहाँ बैठे हुए अनेक सदस्यों ने भी कहा कि यह तो जान को risk में डालने जैसा है, क्योंकि यह टैस्टेड नहीं है। ऐसी तरह-तरह की आपत्तियाँ उठाई गईं, लेकिन मोदी जी ऐसी टिप्पणियों पर कोई उल्टा उत्तर नहीं देते हैं। जब उनके वैक्सीनेशन का नंबर आया, तो वे गए और उन्होंने कोवैक्सीन को लिया।

(1डब्ल्यू/आरके पर जारी)

DC-RK/1W/3.20

श्री प्रकाश जावडेकर (**क्रमागत**) : उसी दिन से सारी टिप्पणियाँ बंद हो गईं, क्योंकि प्रधान मंत्री जी ने खुद वैक्सीन लेकर दिखाया कि अगर आपको ऐसा कहना है कि मेरी

जिंदगी खतरे में है, तो कहिए, लेकिन मैं कोवैक्सीन लूँगा। कोविड में पहले अनेक लोगों ने बहुत कमेंट्स किए थे कि क्या थालियाँ बजा रहे हो, क्या तालियाँ बजा रहे हो! यह आपको भी याद होगा। यह थालियाँ, तालियाँ बजाकर ही देश में एक नई प्रकार की जागृति पैदा हुई और उसका परिणाम यह हुआ कि सारे अमेरिका से लेकर... ...(**व्यवधान**)... एक मिनट, एक मिनट ...(**व्यवधान**)... अमेरिका से लेकर यूरोप तक, सब जगह वैक्सीनेशन के खिलाफ प्रोटेस्ट हुए, वैक्सीन हैज़िटेंसी दिखी, लेकिन भारत एक ऐसा देश है, जहाँ वैक्सीन को लेकर कोई हैज़िटेंसी नहीं दिखी, बल्कि वैक्सीन के लिए लोगों के क्यू लगे दिखे और सबको मुफ्त वैक्सीन मिली। यह एक महत्वपूर्ण बात है कि यह भी एक काम किया गया।

सर, यह एक और बड़ी अच्छी बात है कि हमारी अलग सोच है। आप भूल भी गए होंगे कि वर्ष 2014 से पहले चाहे कोई भी डॉक्यूमेंट हो, जैसे किसी बच्चे की परीक्षा का रिजल्ट आया है, तो उसकी मार्कशीट हो या डिग्री सर्टिफिकेट हो, उसे वह कहीं नौकरी के लिए देना है, किसी सरकारी दफ्तर में देना है, तो उसे किसी-न-किसी ऑफिसर का ठप्पा लेने की जरूरत पड़ती थी। इसके पीछे लॉजिक क्या था? यह अटेस्टेशन की प्रथा ब्रिटिशर्स ने शुरू की थी, क्योंकि उनका कहना था कि भारत की जनता पर हमारा विश्वास नहीं है। हमारे अधिकारी का ठप्पा लगेगा, तभी हमें विश्वास होगा। यह उनका कहना था, लेकिन अब इन्होंने सेल्फ अटेस्टेशन कर दिया है, क्योंकि मोदी जी की धारणा है कि मेरी 140 करोड़ जनता पर मेरा विश्वास है, आप अपने साइन करिए। इससे सभी दिक्कत, दौड़-धूप खत्म हो गई। यह छोटी चीज़ लगती है, लेकिन

छोटी चीज़ लोगों के लिए छोटी नहीं है। इसके साथ ही योग हो, आयुर्वेद हो, मिलेट्स हों, इन्हें दुनिया ने मान लिया है और दुनिया में इनकी चर्चा और उपयोग हो रहा है। हम विदेशों में जहाँ भी जाते हैं, वहाँ सभी जगहों पर योग क्लासेज़ के बोर्ड लगे पाते हैं। सर, यह करके दिखाना होता है। हमने 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया' करके दिखाया है। सर, पी. वी. सिंधु ने किताब में एक लेख लिखा है। उसमें उन्होंने लिखा है कि जब मैंने गोल्ड मैडल जीता, तब वहाँ पर मुझे गोल्ड मैडल मिला, भारत का राष्ट्रगान हुआ और मैं मंच से उतरी, तभी मेरे असिस्टेंट आए और उन्होंने कहा कि भारत के प्रधान मंत्री का फोन है। उन्होंने बताया कि मैं ऐसी गद्गद हो गई कि ऐसा प्रधान मंत्री कभी नहीं देखा। उन्हें मंच से उतरते ही तुरंत बधाई दी। इसके साथ ही, जिन खिलाड़ियों ने मैच जीते, जो खिलाड़ी पदक लाए, उन सब खिलाड़ियों को बार-बार अपने घर बुलाना, उनके साथ बातचीत करना, नाश्ते पर बुलाना, सम्मान देना, इससे एक मॉरेल बिल्ड अप होता है और वह सपोर्टिव बिल्ड अप कर रहा है।

सर, हम हर साल पद्मश्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण अवॉर्ड्स देते हैं, अच्छे लोगों को देते हैं, लेकिन इन्होंने नये प्रकार के लोग भी खोजे, जिनकी कोई चर्चा नहीं करता था, जिनकी कोई न्यूज़ नहीं आती थी। अगर किसी की चाय की टपरी है और वह दूर-दराज़ के गाँव में अच्छा स्कूल चलाता है, तो उसे पद्मश्री मिला। पिछले साल आप भी वहाँ मौजूद थे। राष्ट्रपति भवन में 120 साल के सज्जन, जिन्होंने जिंदगी भर लोगों को पढ़ाया था, उन्हें पद्मश्री मिला था, तो वे राष्ट्रपति भवन आए थे और नंगे पांव आए थे। यह हमें भूलना नहीं चाहिए कि ऐसे लोगों का सम्मान भी पहली दफा हो रहा है।

सर, हमारे यहाँ गिफ्ट भी एक रूटीन टाइप का दिया जाता था। मैं अनेक सरकारी कार्यक्रमों में जाता था। मैंने देखा था कि पहले एक टिपिकल गिफ्ट देते थे, लेकिन मोदी जी ने इसे बदल दिया। 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट योजना' के अंतर्गत जो जिले का अच्छा प्रोडक्ट तैयार होता है, विदेशी मेहमानों को वह गिफ्ट देने का काम शुरू किया गया। सर, आज यह एक छोटी चीज़ है। लोग कहेंगे कि यह क्या बात बता रहे हैं, लेकिन यह इम्पॉर्टेंट है। सर, भारत के अनेक आर्टिफेक्ट्स चोरी हुए थे। पिछले 70 साल में केवल 50-100 वापस आए थे, लेकिन मोदी जी के प्रयास से आज 500 से ज्यादा ऐसे दुर्लभ आर्टिफेक्ट्स वापस आए हैं और वे यहाँ हैं।

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : लेकिन कोहिनूर वापस नहीं आया है।

(1एक्स/डीएस पर आगे)

DS-DPS/3.25/1X

श्री प्रकाश जावडेकर : मैडम, वह भी आएगा और वह आपको भी देखने को मिलेगा। **...(व्यवधान)...** आप वहीं बैठिए, आपको वह देखने को मिलेगा।

'अमृत महोत्सव' - सर, जिसने पराक्रम किया और जिसका नाम हमने इतिहास में भी कभी नहीं सुना, उसके बारे में भी अनाउंसमेंट हम हवाई जहाज में जाते समय रोज़ सुनते हैं, तो यह एक नई कल्पना है। सर, हमने दूरदर्शन पर ऐसे सीरियल्स शुरू किए, जो real stories of freedom fighters हैं। ऐसे सब लोगों के जीवन पर आधारित सीरियल्स हर शनिवार और रविवार को प्रसारित होते हैं। अमृत काल की कल्पना, 25 years vision of developed India and a programme for that. आज बजट पर चर्चा

करने की जरूरत नहीं, क्योंकि बजट में इसकी एक बेसिक नींव रखी गई है कि हम 25 साल कैसे विकास करेंगे। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का जो वर्णन किया गया, उसके बारे में मैं बताना चाहता हूँ। यहाँ अभी मेरे कुछ मित्र नहीं है, लेकिन मैं बताना चाहता हूँ कि एक-एक विश्वविद्यालय में सभी प्रदेशों से छात्र होते हैं। हमने यह कार्यक्रम शुरू किया, ताकि सभी प्रदेश अपने-अपने डांस, अपनी-अपनी कलिनरीज़ तथा अपने-अपने फेस्टिवल्स एक साथ सेलिब्रेट कर सकें। यह कितनी अच्छी चीज़ है! भारत की सभी भाषाओं के प्रति एक आदर भाव! भारत के सभी राज्यों के प्रति आदर भाव! इसे बढ़ाने का यह कार्यक्रम है और आज यह चल रहा है।

अब लास्ट में मेरे दो और मुद्दे हैं। सर, जैसा मैंने वर्णन किया, हमारे यहाँ महँगाई 6 परसेंट पर है, जबकि बाकी जगह यह 15 और 50 परसेंट पर भी है। आज पाकिस्तान की क्या दशा है, वह आप देख रहे हैं और बाकी दुनिया में भी देखा है। Inflation management was not a easy job. It was the most difficult job. But, continuous monitoring and immediate remedial actions have resulted in managing the inflation in a better way in this country.

Last but not least, सब लोग पूछते हैं कि रोज़गार कहाँ है? मैं बताता हूँ कि रोज़गार कहाँ है। आपके पास लोग आते नहीं, क्योंकि लोग रोज़गार में हैं, वे बेरोज़गार नहीं हैं। सर, मैं आपको बताता हूँ कि चार लाख करोड़ रुपये का प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव दिया गया है। अब तो सेमी कंडक्टर चिप्स भी -- सर, मैं 10 साल पहले ताईवान गया था। मैंने ताईवान में देखा कि एक छोटा सा जिला...(**व्यवधान**)... नहीं,

उसके पहले। आपके समय में भी हम कहीं-कहीं जाते थे। ताईवान, एक छोटे जिले जितना देश आज पूरी दुनिया के लिए चिप्स बनाने का केन्द्र बना हुआ है। हम चाहते हैं कि ये चिप्स भी हमारे यहाँ बनें, एक्सपोर्ट होने वाले बाकी प्रोडक्शंस भी बढ़ें और यहाँ मैन्युफैक्चरिंग हब बने। पहले हम 90 परसेंट मोबाइल फोन इम्पोर्ट करते थे, लेकिन अब देश में इस्तेमाल होने वाला लगभग सारा मोबाइल फोन यहीं बनता है और उल्टा बहुत बड़ी मात्रा में वह एक्सपोर्ट भी होता है, यह हमने पहली दफा करके दिखाया है। This is the result of PLI.

सर, मुद्रा लोन 34 करोड़ लोगों को दिए गए हैं। 34 करोड़ लोगों को 50,000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक मिले हैं और उन लोगों ने कुछ न कुछ छोटा-मोटा काम शुरू किया। इस तरह से उनको रोज़गार मिला। मैं तो ऐसी सैकड़ों जगहों पर गया हूँ, जहाँ लोगों को 10 लाख रुपये मिले और उन्होंने चार-पाँच और लोगों को रोज़गार दिया, उनका धंधा अच्छा चला और वह आगे बढ़ता रहा। सर, उनका एनपीए भी नहीं है। वह बहुत ही कम, केवल 2 या 3 परसेंट ही है। यह ऐसी स्कीम है। मैं जब बैंक ऑफ महाराष्ट्र में एम्प्लॉयमेंट प्रमोशन का काम देखता था, तब मैंने महसूस किया कि अगर कोई स्वरोज़गार तैयार करता है, तो उससे वह स्वयं तो एम्प्लॉयड होता ही है, उसके साथ में वह एकाध या उससे भी ज्यादा लोगों को नौकरियाँ, यानी जॉब्स भी देता है। नौकरियों का मतलब केवल गवर्नमेंट नौकरी नहीं होती, बल्कि जॉब्स होती हैं। स्वाभिमान से, मेहनत करके जिन्दगी का यापन करना, इसका नाम स्वयं रोज़गार होता है और वे गरीब लोग अपनी जिन्दगी स्वाभिमान से जीते हैं। इसलिए, अगर 34 करोड़

लोगों को यह लोन मिला है, तो मैं किसी भी बहस के लिए तैयार हूँ कि कम से कम 17 करोड़ नई जॉब्स तैयार हुई हैं। यह मैं आपको चैलेंज दे रहा हूँ।

(1वाई/एमज़ैड पर जारी)

MZ-KGG/3.30/1Y

श्री प्रकाश जावडेकर (क्रमागत) : मैं इस पर डिबेट करने के लिए तैयार हूं। महोदय, गवर्नमेंट जॉब्स की बात करें तो अभी तीन बार करीब 10-10 लाख अपॉइंटमेंट्स हुए। हर साल हो ही रहे हैं। हर महीने करीब 15 लाख इम्प्लॉईज़ प्रोविडेंट फंड के नए अकाउन्ट खुल रहे हैं। कुछ जाते हैं, कुछ रिटायर होते हैं तो कुछ नए आते हैं, The net increase is 15 lakhs per month and 1.80 crore per year; it is not a small achievement. It is the proof of new employment created.

सर, मेरे मित्र लोग ई-श्रम पोर्टल को भी देखें। एक ई-श्रम पोर्टल है, जिस पर 28 करोड़ लोगों ने लिखा है कि वे क्या काम कर रहे हैं, वे कैसे जीवनयापन कर रहे हैं। उनका पूरा डेटा तैयार है और उनको सोशल सिक्योरिटी बेनिफिट्स भी मिलेंगे, लेकिन 28 करोड़ लोगों ने लिखा है कि वे कैसे जीवनयापन करते हैं, उनका क्या रोज़गार है। उनमें ईपीएफओ वाले नहीं हैं, जिनका प्रोविडेंट फंड है, वे उसमें नहीं हैं। नॉन प्रोविडेंट फंड, जॉब्स के बारे में सर्वे है, आप उसे देख लीजिए। उसे स्वयं लोगों ने भरा है, किसी अन्य ने नहीं भरा है।

सर, वर्ष 2014 में इंडिया में करीब 4-5 हज़ार स्टार्टअप्स थे, आज करीब 80 हज़ार स्टार्टअप्स हैं, लाखों लोगों को वे रोज़गार दे रहे हैं। उनके पास नए आइडियाज़ हैं, वे दुनिया में एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

सर, स्टैंडअप इंडिया के तहत शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स और विमेन इंटरप्रेन्योर्स को 3 परसेंट ब्याज दर पर एक करोड़ रुपये तक का कर्ज़ without any collateral guarantee दिया जाता है। आज करीब ढाई लाख से ज्यादा महिला उद्यमी तैयार हुई हैं। These are real stories, inspiring stories of success of India we all should be proud of. Last but not the least, Sir, we want an innovation-led development because only those countries will prosper which will innovate.

महोदय, मैं स्टीव जॉब्स को मिला था, उनके साथ दो दिन रहा, उस समय मैं महाराष्ट्र का आई.टी. टास्क फोर्स का चेयरमैन था। उस समय आईफोन निकला नहीं था, लेकिन उसका विज़न क्लियर था। वे हाथ में लेकर दिखा रहे थे कि मैं ऐसा हैंडसेट तैयार कर रहा हूं, जो लोगों की ज़िन्दगी बदल देगा, उसमें इतने फीचर्स होंगे। मुझे लगा कि वह डे ड्रीमिंग कर रहा है, लेकिन जो उसने कहा, वह हुआ। महोदय, शोध ऐसे ही होते हैं, शोध से ही वेल्यु एडिशन होता हैं, शोध से ही प्रॉस्पैरिटी आती है। So, India is entering into a new phase. मैं शिक्षा मंत्री था, तब हमने Hackathon शुरू किया। आज 12 हज़ार स्कूल्स में अटल टिंकरिंग लैब्स हैं। कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इक्विपमेंट्स, थ्री डी प्रिंटिंग और रोबोटिक्स के साथ खेलते हैं, प्रयोग करते हैं और कल्पना करते हैं, जिससे उनमें अधिक जिज्ञासा जागती

